Australian Government
Attorney-General's Department

# सार्वजनिक परामर्श
# ऑटोमेटिड डिसिजन-मेकिंग रेगुलेटरी फ्रेमवर्क (अपने आप से फैसले लेने का विनियामक ढांचा)

## गोपनीयता संग्रहण नोटिस और सहमति प्रपत्र

अटॉर्नी-जनरल विभाग (विभाग, हम, हमें), रेगुलेटर फ्रेमवर्क (विनियमक ढांचे) के विकास के लिए परामर्श प्रक्रिया के भाग के तौर पर जानकारी (निजी जानकारी सहित) एकत्रित कर रहा है ताकि ऑस्ट्रेलियाई सरकारी संस्थाओं द्वारा ऑटोमेटिड डिसिजन-मेकिंग (अपने आप से फैसले लेने) (ADM) के प्रयोग में सहायता दी जा सके। आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी हमें ढांचे के विकास हेतु सूचना देने के लिए अलग-अलग समूहों में विभिन्न डेटा प्रवृत्तियों की पहचान करने में मदद करेगी।

आपकी निजी जानकारी की गोपनीयता और सुरक्षा हमारे लिए महत्वपूर्ण है, और यह कानून द्वारा संरक्षित है। विभाग *ऑस्ट्रेलियाई गोपनीयता सिद्धांतों* (APPs) सहित *गोपनीयता अधिनियम 1988* का अनुपालन करता है। APPs में इस बात के मानक, अधिकार और दायित्व निर्धारित किए जाते हैं कि हम लोगों की निजी जानकारी को किस प्रकार संभालते और बनाए रखते हैं। इसमें यह शामिल है कि हम किस प्रकार निजी जानकारी को एकत्रित, संग्रहीत (स्टोर), प्रयुक्त, प्रकटीकृत करते हैं, इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं और उसे सुरक्षित रखते हैं, और साथ ही इसमें आपकी निजी जानकारी तक पहुंच प्राप्त करने या उसे सही करने के आपके अधिकार भी शामिल हैं।

### आपकी निजी जानकारी कैसे एकत्रित की जाएगी

- आपको यह बताना होगा कि क्या आप एक व्यक्ति के रूप में या किसी संगठन का प्रतिनिधित्व करते हुए सब्मीशन (प्रस्तुति) जमा कर रहे हैं या सर्वेक्षण का जवाब दे रहे हैं।
- यदि आप ऑनलाइन सब्मीशन जमा करके परामर्श में भाग लेते हैं, तो हम निम्नलिखित के बारे में जानकारी की मांग करेंगे:
    - आपका नाम और ईमेल पता,
    - इस संबंध में जनसांख्यिकीय जानकारी कि क्या आप घर पर अंग्रेजी के अलावा कोई अन्य भाषा बोलते हैं, आपका जन्म किस देश में हुआ था और आपका व्यवसाय क्या है।
- ऑनलाइन सर्वेक्षण में आपकी भागीदारी के माध्यम से, हम निम्नलिखित के बारे में जानकारी की मांग करेंगे:
    - आपका नाम और ईमेल पता,
    - भौगोलिक और जनसांख्यिकीय जानकारी जो इस से संबंधित होगी कि आपका आयु वर्ग, लिंग, लैंगिकता, जाति, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि क्या है, यदि आप अपनी पहचान एक विकलांग व्यक्ति के रूप में करते हैं, आपका निवास का राज्य क्या है, और यदि आप किसी क्षेत्रीय, ग्रामीण या दूरवर्ती क्षेत्र में रहते हैं।
- ऊपर उल्लिखित शेष जानकारी प्रदान करना स्वैच्छिक है। इन सवालों के जवाब में आपके पास 'बताना पसंद नहीं करते' विकल्प चुनने का अधिकार है। यदि आप यह निजी जानकारी प्रदान नहीं करने का चयन करते हैं, तो भी हम सर्वेक्षण और/या आपकी सबमिशन के लिए आपके ऑनलाइन जवाबों पर विचार कर पाएँगे।

- यदि आप विभाग को ईमेल भेजते हैं, तो विभाग के पास आपके ईमेल पते का रिकार्ड होगा, और आपके नाम का भी, यदि आप इसे बताने का चयन करते हैं तो।
- आपको लक्षित परामर्श बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। यदि आप किसी लक्षित परामर्श बैठक में भाग लेते हैं, तो विभाग आमंत्रण प्रदान करने के उद्देश्य से आपका ईमेल पता एकत्रित कर सकता है, और साथ ही आपका नाम भी, यदि आप इसे बताने का चयन करते हैं तो। आप किसी झूठे नाम का उपयोग करके परामर्श बैठकों में भाग ले सकते हैं।

**<u>आपकी जानकारी का उपयोग कैसे किया जाएगा</u>**

*ऑनलाइन सर्वेक्षण के जवाब*

- ऑनलाइन सर्वेक्षण में भाग लेकर आप विभाग को डेटा एकत्रित करने और उसका उपयोग करने की सहमति देते हैं। ऑनलाइन सर्वेक्षण के व्यक्तिगत जवाब प्रकाशित नहीं किये जायेंगे। ऑनलाइन सर्वेक्षण के जवाबों से एकत्रित सामूहिक डेटा को सर्वेक्षण से प्राप्त परिज्ञान, रुझान और समग्र निष्कर्ष प्रदान करने के लिए प्रकाशित किया जा सकता है (उदाहरण के लिए 'जवाब देने वाले छत्तीस प्रतिशत लोगों ने बताया कि वे NSW से थे')। इसी प्रकार, ऑनलाइन सर्वेक्षण के किन्हीं लिखित जवाबों का समेकित सारांश प्रकाशित किया जा सकता है।
- यदि आप अपनी निजी जानकारी प्रदान करने का चयन करते हैं, तो यदि आपकी फीडबैक के बारे में हमारे सवाल होंगे तो हम आपसे संपर्क करने के लिए इसका प्रयोग कर सकते हैं।

*परामर्श पर की गई सब्मीशन (प्रस्तुतियाँ)*

- यदि आप किसी लिखित सब्मीशन (प्रस्तुति) में निजी जानकारी शामिल करते हैं और उस सब्मीशन को प्रकाशित करने के लिए सहमति देते हैं, तो आपकी निजी जानकारी प्रकाशित की जा सकती है। उदाहरण के लिए, यदि आप सब्मीशन के शीर्षक पृष्ठ पर अपना नाम लिखते हैं या अपनी सब्मीशन के टेक्सट में निजी जानकारी शामिल करते हैं।
- यदि आप अपनी निजी जानकारी को प्रकाशित किए जाने की सहमति नहीं देते हैं, तो हम ADM विनियामक ढांचा विकसित करने के कार्य में शामिल अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ निजी जानकारी को साझा करने से पहले किसी भी रिपोर्ट, सब्मीशन (प्रस्तुतियों) या सारांश में से पहचान संबंधी जानकारी को हटा देंगे। इसमें तृतीय पक्षों की निजी जानकारी भी शामिल है।

*तृतीय पक्षों के बारे में जानकारी*

- यदि आप किसी तृतीय पक्ष के बारे में निजी या संवेदनशील जानकारी प्रदान करते हैं, तो हम उस तृतीय पक्ष की सहमति के बिना इसे प्रकाशित नहीं करेंगे, भले ही आपने अपनी सब्मीशन को प्रकाशित करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की हो।

*परामर्श बैठकें*

- आपको लक्षित परामर्श बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। यदि आप किसी लक्षित परामर्श बैठक में भाग लेते हैं, तो परामर्श के दौरान आपका नाम अन्य प्रतिभागियों को दिखाई दे सकता है।

*दूसरे उद्देश्य*

- हम किसी दूसरे उद्देश्य के लिए, जिसे इस नोटिस के दर्शाया नहीं गया है, आपकी निजी जानकारी का प्रयोग करने से पहले आपकी सहमति लेने की कोशिश करेंगे।

## आपकी निजी जानकारी का खुलासा किसे किया जा सकता है

- परामर्श में सहायता कर सकने वाले तृतीय पक्षों को भी आपकी निजी जानकारी तक पहुंच प्राप्त हो सकती है। इसमें अनुवादक और दुभाषिए शामिल हैं जो आपकी ज़बानी या लिखित फीडबैक का अनुवाद या भाषांतरण करते समय आपकी निजी जानकारी को पढ़ या सुन सकते हैं।
- यदि आप ऐसी जानकारी का खुलासा करते हैं जिसके कारण हमें लगता है कि आपको या किसी अन्य व्यक्ति को नुकसान पहुँचने का खतरा हो सकता है, तो हमें यह जानकारी पुलिस और/या अन्य संबंधित प्राधिकारियों को प्रकट करनी पड़ सकती है।
- अनिवार्य रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को पूरा करने या किसी संदिग्ध अपराध की सूचना देने के लिए भी हमें आपकी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा करना पड़ सकता है।
- आपकी निजी जानकारी सूचना स्वतंत्रता के अनुरोधों या संसद के अनुरोधों के अधीन भी हो सकती है।

## परामर्श प्रक्रिया में सहायता के लिए उपयोग किए जाने वाले तृतीय पक्षीय प्लेटफ़ॉर्म

- इस परामर्श में आपकी भागीदारी में सहायता देने के लिए विभाग तृतीय पक्ष प्रदाता Citizen Space (सिटीजन स्पेस) का प्रयोग कर रहा है। ऑनलाइन सब्मीशन (प्रस्तुतियाँ) और परामर्श निष्कर्षों का अंतिम प्रकाशन Citizen Space के माध्यम से किया जाएगा। Citizen Space और इसके संचालन के पीछे की टैकनोलजी Delib द्वारा प्रदान की जाती है। Delib की गोपनीयता नीति बताती है कि Delib आपके डेटा को कैसे एकत्रित करेगा, सुरक्षित रखेगा और उसका प्रसंस्करण करेगा।
- ऑनलाइन सर्वेक्षण के संचालन के लिए विभाग Microsoft Forms का प्रयोग कर रहा है। Microsoft की गोपनीयता नीति यह विवरण देती है कि उनके द्वारा आपके डेटा को कैसे एकत्रित, सुरक्षित और संसाधित किया जाएगा।
- ऑनलाइन परामर्शों के लिए, परामर्श का आयोजन करने के लिए विभाग Microsoft Teams का प्रयोग करेगा। Microsoft Teams अपने वर्चुअल प्लेटफ़ॉर्म से मीटिंग्स आयोजित करने के उद्देश्य से व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करती है, और आपकी निजी जानकारी के प्रबंधन के संबंध में इसकी अपनी नीति है। उनका गोपनीयता कथन उनकी वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- यदि हमें आपकी निजी जानकारी का खुलासा करने का कोई अन्य कारण पता चलता है, तो इसका खुलासा करने से पहले हम आपकी लिखित सहमति लेने का प्रयास करेंगे।

## और अधिक जानकारी

विभाग की गोपनीयता नीति यह विवरण देती है कि विभाग आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी की संभाल और सुरक्षा कैसे करता है। हमारी गोपनीयता नीति यह भी बताती है कि आप हमारे पास मौजूद आपकी निजी जानकारी तक पहुंच प्राप्त करने का अनुरोध कैसे कर सकते हैं या उसे संशोधित कैसे कर सकते हैं, तथा यदि आप गोपनीयता संबंधी पूछताछ करना या कोई शिकायत करना चाहते हैं तो किससे संपर्क करना है। यदि आपको हमारी गोपनीयता नीति की हार्ड कॉपी की आवश्यकता है, तो कृपया गोपनीयता अधिकारी से privacy@ag.gov.au पर संपर्क करें।

यदि ADM रेगुलेटरी फ्रेमवर्क (विनियामक ढांचे) के विकास पर सार्वजनिक परामर्श में भागीदारी के संबंध में कोई सवाल हैं, तो कृपया ADM@ag.gov.au पर संपर्क करें।